Tel. No. 0291-2625630

श्री पुष्टिकर श्री पुरोहित सूरजराज रूपादेवी स्मृति
महिला महाविद्यालय

(जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर से सम्बद्ध)

सिवान्ची गेट, जोधपुर

Mail ID: spspsrsmmv@gmail.com

क्रमांक : श्रीपुश्रीपुसूरूस्मृ/म.महा.वि./2022-23/ **दिनांक :**

दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ

श्री पुष्टिकर श्रीपुरोहित सूरजराज रूपा देवी स्मृति महाविद्यालय के सेमिनार कक्ष में प्रौढ़ एवं सतत आजीवन शिक्षा विभाग, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के तत्वाधान में दो दिवसीय संगोष्ठी (16-17 दिसंबर, 2022) के तहत व्याख्यान द्वारा शुभारंभ किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. माधव देव बोहरा ने बताया कि संगोष्ठी में आर्ट ऑफ लिविंग के व्याख्यान के तहत स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन, स्वस्थ आत्मा से मानवता के निर्माण विषय पर सार्थक व्याख्यान प्रस्तुत हुआ। आर्ट ऑफ लिविंग की संयोजिकाओं द्वारा छात्राओं को अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, भ्रस्तिका, कपाल भाति प्राणायाम इत्यादि योग विधाओं से छात्राओं को अवगत कराया गया। द्वितीय सत्र में डॉ. अर्जुन सिंह ने व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान दिया। आपके अनुसार व्यक्तित्व विकास का आयाम व्यक्ति के भीतर ही निहित है। संघर्ष अनंत है लेकिन उसमें सफलता के अनेक आयाम छिपे हुए हैं। ऐसे में जीवन में संघर्ष और असफलता से घबराने की कोई आवश्यकता नहीं।

दो दिवसीय संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. उषा सूदन व्यास ने बताया कि कल दिनांक 17.12.2022 सेमिनार कक्ष में डॉ. नगेंद्र शर्मा के व्याख्यान का लाभ छात्राओं को मिलेगा। व्यक्तित्व विकास पर शिवदत्त जोशी व डॉ. उषा सूदन व्यास अपना व्याख्यान देंगे।

(डॉ. तेजेन्द्र वल्लभ व्यास)
मीडिया प्रभारी

(डॉ. माधव देव बोहरा)
प्राचार्य